# विदेश मंत्रालय

## बेहतर सुविधाओं के साथ शुरू हुआ नया लुधियाना पासपोर्ट सेवा केंद्र

**लुधियाना: 8 जुलाई, 2025**

लुधियाना, पंजाब में पासपोर्ट सेवा केंद्र (PSK) का परिचालन शुभारंभ 7 जुलाई, 2025 को डॉ. के.जे. श्रीनिवास, संयुक्त सचिव (PSP) एवं मुख्य पासपोर्ट अधिकारी द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।



लुधियाना स्थित मौजूदा PSK को आकाशदीप कॉम्प्लेक्स, ज्ञान सिंह रारेवाला मार्केट से स्थानांतरित कर, अब ग्लोबल बिजनेस पार्क, जी.टी. रोड, जालंधर बायपास के समीप, गांव भोरा, लुधियाना में नए परिसर में स्थानांतरण के साथ ही बुनियादी ढांचे एवं सेवा वितरण में उल्लेखनीय अपग्रेड किया गया है।

नव उद्घाटित PSK, लुधियाना को अधिक संख्या में पासपोर्ट आवेदनों को कुशलतापूर्वक संभालने हेतु उन्नत सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। इसकी प्रमुख विशेषताओं में एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया प्रवाह, शिशुओं के साथ आने वाली महिला आवेदकों के लिए बेहतर सुविधाएँ और समग्र आवेदक अनुभव को बढ़ाने के उद्देश्य से उन्नत इंटीरियर शामिल हैं।

****************

**पीआईबी चंडीगढ़: रूस**